हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 36.5 डिग्री
न्यूनतम 18.1 डिग्री

10 नशे के कारोबार का विरोध, कांग्रेस ने किया ...



10 कलेक्टर ने शिक्षा और पोषण व्यवस्थाओं ...





## खबर संक्षेप

### राशन कार्ड ई-केवाईसी 31 तक कराने की अपील



**जगदलपुर।** जिले के राशनकार्ड धारियों के लिए शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ निरंतर बनाए रखने हेतु ई-केवायसी प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम घड़ी नजदीक आ गई है। राज्य शासन के द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले के सभी पंजीकृत सदस्यों को आगामी 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से अपना ई-केवायसी अपडेट कराना होगा। खाद्य नियत्रंक से मिली जानकारी के अनुसार जिले में वर्तमान में राशनकार्डों के अंतर्गत कुल 8,29,814 सदस्य पंजीकृत हैं, जिनमें से 7,12,650 सदस्यों का सत्यापन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। हालांकि 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को छोड़कर अभी भी जिले में 91,475 ऐसे सदस्य शेष हैं, जिन्होंने अब तक ई-केवायसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की है। खाद्य विभाग द्वारा जारी परिपत्र में अपील किया गया है कि जिन हितग्राहियों ने अभी तक अपनी उचित मूल्य दुकान पर उपस्थित होकर भौतिक सत्यापन नहीं कराया है, वे समय-सीमा समाप्त होने से पहले इसे प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कर लेवें।

### कन्याश्रम की छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित

**जगदलपुर।** महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महात्मा गांधी कन्याश्रम धरमपुरा जगदलपुर में सैनिटरी नैपकिन वितरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध कराना था।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को मासिक धर्म के समय व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, सैनिटरी नैपकिन के सही उपयोग तथा उनके सुरक्षित निपटान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर कन्याश्रम की लगभग 106 छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए। छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित जानकारी को उपयोगी बताया। यह कार्यक्रम छात्राओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा जागरूकता के दृष्टिकोण से अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुआ। इस दौरान इति मेरावी, कंचन नेमा, अंजुम खान मौजूद रही।

### मनो साधना शिविर, बच्चों के सर्वांगीण का सशक्त माध्यम

**जगदलपुर।** जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बुधवार को जगदलपुर स्थित बाल संप्रेषण गृह में एक विशेष लाइफ स्किल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मनो साधना शिविर अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस शिविर के दौरान जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की विशेषज्ञ टीम ने बच्चों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यावहारिक तरीके सिखाए, जिससे वे मानसिक रूप से और अधिक सशक्त बन सकें।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में भावनात्मक लचीलापन विकसित करना और उनमें तनाव प्रबंधन की क्षमताओं को सुदृढ़ करना था। सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने बच्चों को यह समझाया कि किस प्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी संयम बनाए रखा जा सकता है और अपनी मानसिक सेहत को प्राथमिकता दी जा सकती है। इस दौरान टीम ने बच्चों की निर्णय लेने की क्षमता और सामाजिक कौशल को सुधारने पर भी विशेष बल दिया।

# संसदीय संकुल विकास परियोजना से बदलेगी वनांचल की सूरत

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के जनजातीय क्षेत्रों में आर्थिक स्वावलंबन और स्थानीय कौशल को बढ़ावा देने के लिए आज जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित जगदलपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य केंद्र संसदीय संकुल विकास परियोजना रहा, जिसके माध्यम से स्थानीय जनजातीय समुदायों के सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत बस्तर संसदीय क्षेत्र के स्थानीय निवासियों को उनकी रुचि और कौशल के आधार पर उनके ही गांव या क्लस्टर में रोजगार के नवीन अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस पूरी प्रक्रिया को धरातल पर उतारने के लिए दरभा, छिंदगांव, जैबेल, नानगुर एवं कुरंदी की प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधकों को विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया है। बैठक में जिला यूनियन के उप प्रबंध संचालक, सांसद बस्तर के प्रतिनिधि, जिला यूनियन के समस्त प्राथमिक समिति प्रबंधक, सीनियर एक्सीक्यूटिव और कार्यालयीन कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने क्षेत्र के विकास की इस साझा रूपरेखा पर अपनी सहमति व्यक्त की।

## बस्तर में जनजातीय सशक्तिकरण की नई लहर



### आर्थिक रूप से सुदृढ़ होगा

बताया जा रहा है कि परियोजना के क्रियान्वयन के लिए बस्तर संसदीय क्षेत्र में नए वनधन विकास केंद्रों की स्थापना को प्राथमिकता दी जा रही है, जिसके लिए कोलेंग, कोलावल, जैबेल (गौराबहार), तिरिया एवं नेतानार जैसे क्लस्टर स्थलों का चयन किया गया है। इन केंद्रों के विस्तार की रणनीति इस प्रकार तैयार की गई है कि प्रत्येक वनधन केंद्र से 15 स्व-सहायता समूहों के लगभग 300 सदस्यों को जोड़ा जा सके। इन सदस्यों को वनोपज संग्रहण, प्राथमिक प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन जैसे तकनीकी कार्यों में सम्मिलित कर उन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाया जाएगा।

### पत्रवार्ता में पीसीसी अध्यक्ष बैज ने सरकार पर संरक्षण देने का लगाया आरोप

# छत्तीसगढ़ को 'धान का कटोरा' से 'नशे का गढ़' बनाने की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजीव भवन में आयोजित पत्रवार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़,जिसे कभी "धान का कटोरा" कहा जाता था, उसे अब नशे का गढ़ बनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि दुर्ग जिले के समोदा में अफीम की खेती के खुलासे के बाद बलरामपुर जिले के त्रिपुरी गांव और खजूरी में भी इसी तरह की खेती सामने आना गंभीर चिंता का विषय है। इससे साफ संकेत मिलता है कि सत्ता के संरक्षण के बिना इस तरह की गतिविधियां संभव नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में खुलेआम गांजा, शराब, अफीम और अन्य नशीले पदार्थों का कारोबार फैल रहा है और इसके कारण युवा पीढ़ी तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रही है। बैज ने आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों में प्रदेश में नशे की लत महामारी का रूप ले चुकी है और सत्ताधारी लोग इसे रोकने के बजाय संरक्षण दे रहे हैं। कांग्रेस ने मांग की कि सीमावर्ती और दूरस्थ क्षेत्रों के सभी फार्म हाउसों की व्यापक जांच कराई जाए ताकि अवैध नशे की खेती और कारोबार का पर्दाफाश हो सके।

बैज ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई अचानक रोक दिए जाने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इससे घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग और कालाबाजारी बढ़ रही है। पिछले पांच दिनों से घरेलू गैस की आपूर्ति प्रभावित है,जबकि सरकार दावा कर रही है कि किसी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने इसे सरकार की विफलता और आम जनता की परेशानी बढ़ाने वाला निर्णय बताया। इस दौरान शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य, उमाशंकर शुक्ला, शंकर राव, राजेश चौधरी, कविता साहू, लता निषाद, राजेंद्र पटवा, सूर्यापानी, संतोष सेठिया, ललिता राव और जावेद खान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बाधित, 17 मार्च को विधानसभा घेराव का ऐलान**




### संगठन सृजन और आंदोलन की तैयारी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि संगठन सृजन के तहत पार्टी अब निचले स्तर तक अपनी संरचना मजबूत कर रही है। जिला, ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद अब बूथ कमेटियों का गठन किया जा रहा है और 31 मार्च तक इसे पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य जमीनी स्तर पर संगठन को सक्रिय और मजबूत बनाना है।

### 17 मार्च को विधानसभा घेराव की घोषणा

बैज ने बताया कि मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस 17 मार्च को विधानसभा का घेराव करेगी। उनका कहना है कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने, इसे कानून के बजाय योजना के रूप में बदलने और पंचायतों के अधिकारों को कमजोर करने के विरोध में यह आंदोलन किया जा रहा है। कांग्रेस पूरे देश में इस मुद्दे को लेकर अभियान चला रही है और छत्तीसगढ़ में भी बड़े पैमाने पर कार्यकर्ता इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे।

### तीनों के पंजीयन रीनिवल नहीं हो सके

# जिले में एक भी परिवहन सुविधा केन्द्र नहीं होने से लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए लोगों को जिला परिवहन कार्यालय न आना पड़े और अपने आसपास ही यह काम हो जाए इसके लिए बस्तर जिले में 3 परिवहन सुविधा केंद्र खोले गए थे। तीनों को पंजीयन रिनीवल नहीं हो सका, इसलिए वर्तमान में जिले में एक भी परिवहन सुविधा केन्द्र नहीं है। इसके चलते लोहंडीगुड़ा, बास्तानार, बस्तर, दरभा ब्लॉक के लोगों को ड्रायविंग लायसेंस, वाहनों के लिए आड़ावाल जाना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि परिवहन सुविधा केन्द्र में लोगों के लिए मूलभूत सुविधाएं जैसे कर्मचारियों की सूची, किस कार्य के लिए कितनी दर का डिसप्ले, पार्किंग की सुविधा आदि होना चाहिए है, इसकी सुविधा होने के चलते तीनों केन्द्रों का पंजीयन रिनीवल नहीं हो सका। साथ ही परिवहन सुविधा केंद्रों में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की सुविधा दी गई है, जहां जाकर आसानी से लर्निंग लाइसेंस बनवा सकते थे।

### आवेदन मिलने पर शुरू होगा केन्द्र

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि परिवहन सुविधा केन्द्र के लिए अब तक लोगों ने आवेदन नहीं दिया, आवेदन मिलने पर केन्द्र शुरू किया जाएगा।

# छोटे देवड़ा धान संग्रहण केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर आकाश छिकारा ने छोटे देवडा धान संग्रहण केंद्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गुरुवार को कलेक्टर बकावंड विकासखंड के निरीक्षण दौरे पर रहे इस दौरान उन्होंने केंद्र की भंडारण क्षमता के अनुसार मिलर्स के माध्यम से धान का उठाव धीरे-धीरे सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही संग्रहण केंद्र से धान की शॉर्टेज होने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ऐसी स्थिति पाए जाने पर आवश्यक कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने धान के स्टेक को निर्धारित स्टेक प्लानिंग के अनुसार व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेक के आसपास समय-समय पर कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव करने तथा बदलते मौसम को ध्यान में रखते हुए धान को तिरपाल से ढंककर सुरक्षित रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने संग्रहण केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे, तहसीलदार जागेश्वरी, डीएमओ नान राजेन्द्र ध्रुव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# वार्ड की समस्याओं को लेकर महापौर को सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर के वार्ड में व्याप्त विभिन्न नागरिक समस्याओं को लेकर युवा नेता आनंद झा ने महापौर संजय पांडे से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से वार्ड में स्थित बड़े नाले की शीघ्र सफाई कराने तथा महावीर भवन और अंजुमन स्कूल के सामने सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे को तत्काल बंद करवाने का आग्रह किया गया, ताकि आम नागरिकों को हो रही असुविधा दूर हो सके।

झा ने महापौर को अवगत कराया कि लंबे समय से नाले की सफाई नहीं होने के कारण आसपास के क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध की समस्या बनी हुई है। वहीं महावीर भवन और अंजुमन स्कूल के सामने खोदे गए गड्ढे से राहगीरों और विद्यार्थियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई कर इन समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व ही वार्ड में पाइपलाइन ▶▶|शेष पेज 10 पर

# पोलमपल्ली हॉस्टल में 9वीं के छात्र की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल

सुकमा जिले के स्थित पोलमपल्ली बालक छात्रावास में अध्ययनरत कक्षा 9वीं का छात्र सलवम सुनिल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि छात्र सुबह तक सामान्य था, लेकिन अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे तत्काल इलाज के लिए दोरनापाल अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक छात्र बेदरे गांव का निवासी था और पोलमपल्ली बालक छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहा था। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन और स्थानीय लोग अस्पताल पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद छात्र का शव परिजनों को सौंप दिया गया। मासूम छात्र की मौत के बाद एक बार फिर शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने इस पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।



### सुविधाओं पर उठाए सवाल

मामले में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बबिता माड़वी ने छात्रावास की व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि छात्रावास में स्वास्थ्य व्यवस्था और निगरानी बेहतर होती तो शायद बच्चे की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि दोरनापाल अस्पताल में शव वाहन तक उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण मृतक छात्र का शव ले जाने में भी परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उनके अनुसार जिला मुख्यालय में तो शव वाहन उपलब्ध है, लेकिन ग्रामीण अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है।

### दानवीर जगतु माहरा स्मृति दिवस आज मनाया जाएगा



**जगदलपुर।** बस्तर की धरती के महान दानवीर और जगदलपुर के वास्तविक संस्थापक माने जाने वाले जगतु माहरा की स्मृति में 13 मार्च को कुम्हड़ाकोट नदी संगम स्थल पर स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। माहरा समाज बस्तर संभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, महिला और पुरुष बड़ी संख्या में शामिल होकर दानवीर जगतु माहरा को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम के दौरान समाज के लोग पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ डांड माटी पूजा-अर्चना करेंगे और दानवीर जगतु माहरा के समाज एवं क्षेत्र के लिए किए गए योगदान को स्मरण करेंगे। इस अवसर पर सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का संदेश भी दिया जाएगा। कार्यक्रम में ▶▶|शेष पेज 10 पर

### व्यापारियों के साथ बैठक में बाजार की सफाई, मटन मार्केट और यूजर चार्ज पर हुई चर्चा

# व्यापारिक केंद्र संजय बाजार को मिलेगा नया स्वरूप व्यापारियों के सहयोग से बनेगी बेहतर व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के प्रमुख व्यापारिक केंद्र संजय बाजार को व्यवस्थित और सुविधायुक्त बनाने के लिए नगर निगम अब व्यापारियों के सहयोग से ठोस कदम उठाने जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम कार्यालय में संजय बाजार व्यापारी कल्याण संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बाजार की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बाजार क्षेत्र की सफाई व्यवस्था,मटन मार्केट के संचालन, यातायात व्यवस्था और यूजर चार्ज से जुड़ी भ्रांतियों जैसे विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि संजय बाजार को व्यवस्थित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए चरणबद्ध योजना तैयार की जा रही है, जिससे व्यापारियों और आम नागरिकों दोनों को बेहतर सुविधा मिल ▶▶|शेष पेज 10 पर



### यूजर चार्ज को लेकर फैली भ्रांतियां दूर करने पर जोर

बैठक के दौरान यूजर चार्ज को लेकर बाजार और शहर में फैलाई जा रही भ्रांतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यूजर चार्ज शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आवश्यक व्यवस्था है। इसके माध्यम से कचरा प्रबंधन,डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। व्यापारियों को भी इस व्यवस्था में सहयोग करने का आग्रह किया गया, ताकि शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया जा सके। साथ ही महिला समृद्धि बाजार और संजय मार्केट क्षेत्र में गंदगी फैलाने वालों को पहले समझाइश दी जाएगी और इसके बाद भी सुधार नहीं होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भर्ती दावा आपत्ति के लिए आवेदन 16 तक

**कोण्डागांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय कोण्डागांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन इकाई अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के लिए रिक्त पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इन आवेदनों की स्क्रूटनी और दस्तावेज सत्यापन के बाद पात्र–अपात्र सूची तैयार कर जारी कर दी गई है। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत स्टाफ नर्स एनबीएसयू, एसएनसीयू, आयुष मेडिकल ऑफिसर, नर्सिंग ऑफिसर, ब्लॉक अकाउंट मैनेजर, प्राइमरी अकाउंट कम डाटा असिस्टेंट जेएसए, क्लीनर एसएनसीयू, फिजियोथैरेपिस्ट, लैब तकनीशियन, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर सीएचओ, स्टाफ नर्स 12 बेडेड एचडीयू,आईसीयू, स्टाफ नर्स पीडियाट्रिक वार्ड 30 बेडेड, फील्ड इन्वेस्टिगेटर एनपीपीसीएफ, काउंसलर एनएचएम तथा डेंटल सर्जन पद शामिल हैं। पात्र–अपात्र सूची को कलेक्टर कार्यालय कोण्डागांव तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर भी सूची का अवलोकन कर सकते हैं।
अभ्यर्थियों से कहा गया है कि यदि जारी सूची में किसी प्रकार की त्रुटि या आपत्ति हो तो वे अपना दावा–आपत्ति आवेदन 16 मार्च 2026 को शाम 5:30 बजे तक कलेक्टर कार्यालय, भूतल कक्ष क्रमांक 35, जिला कोण्डागांव में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं।

### कोंडागांव में दुकानों की मैपिंग का कार्य पूर्ण

कोण्डागांव। राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्रें के बाजारों को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में दुकानों की मैपिंग का कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद कोंडागांव द्वारा शहर की सभी दुकानों का सर्वे और मैपिंग कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार अब नगर क्षेत्र के सभी छोटे और बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए ट्रेड लाइसेंस बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए निर्धारित शुल्क शासन के गैजेट के अनुसार वार्षिक आधार पर लिया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 127(6)(ग) के अंतर्गत प्रत्येक व्यापारी को व्यापार अनुज्ञप्ति ट्रेड लाइसेंस लेना आवश्यक है। इसके लिए फॉर्मेट "क" में आवेदन करना होगा, जो नगर पालिका कार्यालय में उपलब्ध है। 31 मार्च के बाद लगेगा अधिभार नगर पालिका प्रशासन ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे 31 मार्च से पहले ट्रेड लाइसेंस बनवा लें, क्योंकि इसके बाद लाइसेंस शुल्क पर अधिभार लगाया जाएगा। नगर पालिका का कहना है कि सभी दुकानों के पंजीकरण से नगर में बाजार व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी और सुचारू तरीके से संचालित हो सकेगी।

### नेस्ट्स के संयुक्त आयुक्त ने ईएमआरएस शामपुर का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के संयुक्त आयुक्त बिपिन चंद्र रातुरी ने गुरुवार को एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय शामपुर का निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक और आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई भी उपस्थित थे। प्रयोगशाला, आवासीय कक्षों और स्मार्ट क्लासरूम का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा ली गई पुस्तकों तथा उनके द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों को देखा और उनकी रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की। संयुक्त आयुक्त ने कहा कि ईएमआरएस का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ–साथ जनजातीय संस्कृति और परंपराओं को भी प्रोत्साहित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों की आवासीय व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

# कोपाबेड़ा में कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम

## 16 गांवों के 50 किसानों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अंबुजा फाउंडेशन द्वारा एचडीएफसी बैंक परिवर्तन पहल के तहत कोपाबेड़ा में 16 गांवों के किसानों के लिए एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 किसानों ने भाग लेकर कृषि एवं आजीविका से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। मत्स्य पालन की आधुनिक तकनीकों की दी जानकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र कोपाबेड़ा में आयोजित किया गया। इस दौरान मत्स्य विभाग के सहायक संचालक योगेश कुमार देवांगन ने किसानों को मछली पालन की आधुनिक तकनीक, तालाब प्रबंधन और आय बढ़ाने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं उद्यानिकी विभाग छत्तीसगढ़ के उद्यान अधीक्षक लोकेश्वर प्रसाद ध्रुव ने किसानों को कृषि वानिकी, पौधरोपण तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी हिमाचल नेताम के मार्गदर्शन में किसानों को शासकीय उद्यान रोपणी का फील्ड विजिट कराया गया। इस दौरान किसानों को नारियल विकास बोर्ड से संबंधित गतिविधियों की भी जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 16 गांवों के किसान, स्वयंसेवक तथा अंबुजा फाउंडेशन की नेहा कुशवाहा, भूपेन्द्र ठाकुर और रुद्रनारायण जोशी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम से किसानों को नई तकनीकों और योजनाओं की उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई।

# भाजपा का जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे ध्वजारोहण के साथ हुई। शिविर की शुरुआत में कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

प्रशिक्षण शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम ने स्वागत उद्बोधन दिया। इसके बाद दीपेश अरोरा, संतोष कटारिया, गोपाल दीक्षित और विक्की रवानी ने अपने–अपने निर्धारित विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, मनोज जैन, अनिल अग्रवाल, विजय पोया, जितेंद्र सुराना, प्रशांत पात्र, संगीता पोयाम, प्रतोष त्रिपाठी, अंजोरी नेताम, दयाराम पटेल, नागेश देवांगन, प्रदीप नाग, शीतल पटेल, अविनाश सोरी, गोविंद रामटेके, सुषमा खोबरागड़े, सोनमणि पोयाम, सुमन शुक्ला, अशोक ब्रम्ह, सती बघेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा नेताओं पर अफीम खेती का आरोप, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# नशे के कारोबार का विरोध, कांग्रेस ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ में कथित रूप से बढ़ते नशे के कारोबार और अफीम की खेती के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में गुरुवार को भाजपा कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ता पहले कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए, जिसके बाद रैली निकालकर भाजपा कार्यालय की ओर कूच किया। पुलिस द्वारा पहले से बैरिकेडिंग की गई थी, फिर भी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान कुछ समय के लिए पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झूमाझटकी भी हुई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि घोष ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा छत्तीसगढ़ को नशे का गढ़ बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि साय सरकार में बैठे लोग ही नशे के सौदागर बने हुए हैं और प्रदेश में नशे का कारोबार तेजी से फैल रहा है। उन्होंने कहा कि दुर्ग जिले के भाजपा नेता विनायक ताम्रकार के खेत में अफीम की खेती उजागर होने तथा बलरामपुर जिले में भी अफीम की खेती पाए जाने से प्रदेश की छवि खराब हो रही है।



### राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल के नाम एसडीएम कोंडागांव को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश में नशे के कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए तो कांग्रेस पार्टी जनहित में व्यापक आंदोलन करेगी। प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि घोष, प्रदेश महामंत्री नरेश ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष झूमुक दीवान, महामंत्री रितेश पटेल और जे.पी. यादव, प्रदेश सचिव सकुर खान, शहर अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष संजय करन, गौतम साहू, देवेंद्र कोर्राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।




### निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि अफीम की खेती के मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही इस मामले में संबंधित पटवारी एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

### युवाओं के भविष्य को लेकर जताई चिंता

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश में नशे की सामग्री आसानी से उपलब्ध होने के कारण युवा वर्ग तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है। नशे के कारण अपराध का ग्राफ भी लगातार बढ़ रहा है, जिससे समाज पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।

# राष्ट्रीय मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में छग का प्रतिनिधित्व सुब्रत साहा और सूरज यादव ने किया

## विजयवाड़ा में आयोजित हुआ राष्ट्रीय मैनेजमेंट कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की 51वीं राष्ट्रीय मैनेजमेंट कमिटी मिटिंग 7 और 8 मार्च को विजयवाड़ा में आयोजित की गई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व प्रदेश संगठन सचिव एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा तथा कोंडागांव जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने किया। बैठक का आयोजन हिल पैराडाइज स्कूल, विजयवाड़ा में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल विष्णुकांत चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात सभी प्रतिनिधियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बैठक में विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने अपने–अपने प्रदेशों के गतिविधियों की जानकारी साझा की। इस दौरान प्रदेश संगठन सचिव सुब्रत साहा ने छत्तीसगढ़ में परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

### पूर्व सैनिकों से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व सैनिक देश की सबसे अनुशासित और समर्पित शक्ति हैं, जिन्होंने अपने जीवन का सर्वोत्तम समय राष्ट्र सेवा में समर्पित किया है। बैठक में पेंशन, स्वास्थ्य सेवाएं, पुनर्वास, रोजगार, सामाजिक सम्मान और पूर्व सैनिकों के परिवारों की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर परिषद के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एयर वाइस मार्शल एच.पी. सिंह, राष्ट्रीय सचिव ब्रिगेडियर डी.एस. त्रिपाठी, राष्ट्रीय सचिव पीके पांडा, आंध्र प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष कर्नल रामबाबू सहित विभिन्न राज्यों के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

# जितेंद्र को भाजपा में मिली बड़ी जिम्मेदारी

झुग्गी–झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह–संयोजक और बस्तर संभाग प्रभारी बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय जनता पार्टी ने संगठन के प्रति समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता जितेंद्र सुराना को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए भाजपा झुग्गी–झोपड़ी प्रकोष्ठ का प्रदेश सह–संयोजक एवं बस्तर संभाग प्रभारी नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। जितेंद्र सुराना ने इस जिम्मेदारी के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, भाजपा झुग्गी–झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह तथा भाजपा जिला अध्यक्ष सेवक नेताम सहित पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। जितेंद्र सुराना ने कहा कि पार्टी ने समय–समय पर उन पर विश्वास जताते हुए विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी हैं। प्रदेश स्तर पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलना उनके लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों की बात है। उन्होंने कहा कि वे संगठन द्वारा दिए गए दायित्व को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग प्रभारी के रूप में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, पार्टी की रीति–नीति और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

# कलेक्टर ने कोकोड़ी में विद्यालयों का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कोकोड़ी का आकस्मिक निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अव्यवस्था मिलने पर प्रधानपाठक और सीएसी को नोटिस के निर्देश – निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला में अव्यवस्था पाए जाने पर कलेक्टर ने संबंधित प्रधानपाठक और सीएसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने माध्यमिक शाला कोकोड़ी में विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को रफ कॉपी के उपयोग नहीं करने के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने और शिक्षण स्तर में सुधार लाने के लिए सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था सुधारने तथा विद्यालय को प्राप्त वाटर कूलर को शीघ्र प्रारंभ कराने के लिए संबंधित प्राचार्य को निर्देशित किया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, डीएमसी ईमल बघेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति के अपमान के विरोध में भाजपा अजजा मोर्चा का आंदोलन, ममता बनर्जी का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा जिला मुख्यालय कोंडागांव के बस स्टैंड में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्होंने देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान किया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष सेवक राम नेताम ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संथाल समाज के बीच जाने से रोकना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह केवल किसी व्यक्ति का नहीं, बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान है।



उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्वयं आदिवासी समाज से आती हैं, ऐसे में अपने समाज के बीच जाना उनका अधिकार और गौरव का विषय है। इस तरह की राजनीति आदिवासी समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है। उन्होंने इसे राष्ट्रपति ही नहीं बल्कि पूरे देश के आदिवासी समाज का अपमान बताया।

### बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रहे उपस्थित

इस दौरान मनोज जैन, गोपाल दीक्षित, दयाराम पटेल, दीपेंद्र नाग, अजजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष संगीता पोयाम, जिलाध्यक्ष गोरखनाथ बघेल, महामंत्री बालसिंह बघेल, जितेंद्र सुराना, नागेश देवांगन, प्रदीप नाग, ईना श्रीवास्तव, सोनामणि पोयाम, सुषमा खोबरागड़े, अविनाश शोरी, आकाश नेताम, धन्सुदास, अंजोरी नेताम, मना मरकाम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पीएमश्री विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

# कलेक्टर ने शिक्षा और पोषण व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को कोंडागांव स्थित विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षा, साफ-सफाई और बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने पीएमश्री विद्यालय महात्मा गांधी वार्ड का निरीक्षण करते हुए परिसर की साफ-सफाई और लैब में आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता पर जोर दिया। उन्होंने प्राचार्य को निर्देश दिए कि पीएमश्री विद्यालय के मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाओं में जल्द सुधार सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय रोजगारीपारा का भी निरीक्षण किया और वहां संचालित शैक्षणिक



गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों की पढ़ाई की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### आंबा केंद्र में पोषण आहार की व्यवस्था देखी

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र मरारपारा का निरीक्षण कर बच्चों को दिए जा रहे पोषण आहार और भोजन व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने केंद्र में गैस कनेक्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों को प्राप्त ड्रेस का तत्काल वितरण कराने तथा सभी बच्चों को दो-दो ड्रेस उपलब्ध कराने के लिए भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चाली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव, डिप्टी कलेक्टर रश्मि पोया, तहसीलदार मनोज रावटे, सीएमओ दिनेश डे, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, डीएमसी ईमल बघेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### दानवीर जगतु माहरा...

श्रद्धांजलि सभा के साथ सामाजिक मिलन समारोह भी आयोजित किया जाएगा,जिसमें समाजजन एकत्र होकर अपने गौरवशाली इतिहास और पूर्वजों के योगदान को याद करेंगे। आयोजकों ने समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। इस आयोजन में सर्व मूल निवासी समाज के अध्यक्ष (अध्यक्ष) कुमार जयदेव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जानकारी माहरा समाज बस्तर संभाग के अध्यक्ष (अध्यक्ष) राजू बघेल ने मीडिया को जारी बयान में दी।

### वार्ड की समस्याओं लेकर...

फटने से लगभग एक सप्ताह तक पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई थी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए युवा नेता आनंद झा ने लगातार प्रयास कर संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया। जांच के दौरान अंजुमन स्कूल के पास पाइपलाइन फटने का स्थान चिन्हित किया गया, जिसके बाद मरम्मत कार्य पूर्ण होने पर वार्ड में पुनः पानी की सप्लाई शुरू हो सकी।

### व्यापारिक केंद्र संजय ...

सके। बैठक में यह भी तय किया गया कि बाजार क्षेत्र में अव्यवस्था और गंदगी की समस्या को दूर करने के लिए व्यापारियों के सहयोग से कार्य किया जाएगा। नगर निगम द्वारा लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है और शहर में कचरा प्रबंधन को मजबूत बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही संजय बाजार परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना भी बनाई गई है,जिससे बाजार क्षेत्र की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके और असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण किया जा सके। बताया गया कि बाजार को व्यवस्थित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर जल्द ही अमल में लाई जाएगी, ताकि संजय बाजार में व्यापारियों और ग्राहकों के लिए बेहतर, सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित हो सके। बैठक में नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, राणा घोष, योगेंद्र पांडे, निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, राकेश यादव, संजय बाजार व्यापारी कल्याण संघ के अध्यक्ष पंकज सिंघल, राजेश संतवानी, विष्णु ठाकुर, हरेश नागवानी, सुरेश जैन, दिलीप कुंडू सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु आत्मसमर्पित कर प्रशिक्षण ले रहे नक्सलियों को 10 हजार रूपये प्रतिमाह के मान से एक माह का राशि उनके बैंक खाते में प्रदाय किये जाने तथा दो माह की राशि एक वर्ष की सावधि जमा के रूप में दिये जाने कुल 56 प्रशिक्षणार्थियों को 16 लाख 80 हजार रूपये की की प्रोत्साहन राशि आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति दी गई है।

### तकनीकी सहायक व एमटीएस कार्मिक पदों की निविदा निरस्त

**बीजापुर।** भारत की जनगणना 2027 एवं राष्ट्रीय रजिस्टर अद्यतन कार्य के हेतु जिला कार्यालय बीजापुर के समस्त तहसीलों व नगरीय निकाय में तकनीकी सहायक हेतु कुल 11 कार्मिक तथा एमटीएस चतुर्थ श्रेणी कार्मिक के 1 पदों पर माह फरवरी से जून तक 17 माह की अवधि के लिए इस कार्यालय के द्वारा निविदा आमंत्रित किया गया था। परन्तु उक्त निविदा में वांछित कर्मचारियों का वेतन निर्धारण नहीं किया गया था। प्रक्रियात्मक त्रुटि के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

### नगरीय निकाय व ग्राम पंचायतें होंगी बाल विवाह मुक्त घोषित

**दंतेवाड़ा।** महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार ऐसे नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत, जहाँ विगत दो वर्षों में बाल विवाह की कोई घटना दर्ज नहीं हुई है, उन्हें बाल विवाह मुक्त घोषित किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसी क्रम में दंतेवाड़ा जिले के नगर पालिका परिषद बड़े बचेली एवं किरंदुल तथा नगर पंचायत गीदम और बारसूर सहित विभिन्न जनपद पंचायतों के अंतर्गत आने वाली कई ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

# जिले में संचालित होटल-ढाबों की जांच, घरेलू गैस पर सख्ती

- अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश
- सहायक खाद्य अधिकारी बनाए गए नोडल अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश पर जिले में संचालित होटल एवं ढाबों में गैस सिलेंडर के उपयोग को लेकर सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस क्रम में अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल ने टीम के साथ जिला मुख्यालय में संचालित होटल और ढाबों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी होटल संचालकों एवं ढाबा मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग न करें और केवल व्यावसायिक गैस सिलेंडर का ही उपयोग सुनिश्चित करें।

अधिकारियों ने बताया कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस का उपयोग नियमों के विरुद्ध है और ऐसा पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिले में आवश्यक वस्तुओं, विशेषकर एलपीजी गैस, डीजल एवं पेट्रोल की उपलब्धता से संबंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों और सुझावों की निगरानी एवं मॉनिटरिंग के लिए उत्तम कुमार भारती, सहायक खाद्य अधिकारी, बीजापुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। खाद्य विभाग द्वारा सभी गैस एजेंसी संचालकों को भी निर्देशित किया गया है कि वे अपनी एजेंसियों में गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखें, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

प्रशासन द्वारा किए गए इस निरीक्षण और निर्देशों का उद्देश्य जिले में आवश्यक वस्तुओं की सुचारू उपलब्धता बनाए रखना तथा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना है।

## आजादी के बाद पहली बार पोरो-परिया पहुंचे कलेक्टर

# घर-घर जाकर हितग्राहियों से चर्चा कर विकास कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की गति तेज करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में सुकमा जिले के अत्यंत दूरस्थ क्षेत्र पोरो-परिया में आजादी के बाद पहली बार कलेक्टर अमित कुमार पहुंचे। उनके साथ जिला पंचायत सीईओ मुकुन्द ठाकुर भी उपस्थित थे।

अधिकारियों की टीम ने गांवों का दौरा

- नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास पर फोकस

कर बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों की स्थिति का विस्तृत निरीक्षण किया। दौरे के दौरान कलेक्टर ने मारोकी गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के घरों तक पैदल पहुंचकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। उन्होंने आवास निर्माण की स्थिति, राशन वितरण, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र मारोकी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध बेबी वार्मर मशीन को स्वयं चालू कर उसकी कार्यप्रणाली समझी और नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ड्रॉप पैरासिटामोल सहित अन्य आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक टीम ने पीडीएस भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, स्कूल, बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य केंद्र जैसी सुविधाओं का भी जायजा लिया। पीडीएस वितरण केंद्र में कलेक्टर ने हितग्राहियों से चर्चा कर राशन वितरण व्यवस्था की जानकारी ली और अधिकारियों को पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दौरे के दौरान ग्रामीणों से मौके पर ही चर्चा कर कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए निर्देश जारी किए गए। इनमें आंगनबाड़ी भवन निर्माण, स्कूल भवन निर्माण, सड़क निर्माण, हाता निर्माण, पुलिया निर्माण, बिजली आपूर्ति सुदृढ़ करना, बोरिंग खुदाई तथा जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल कनेक्शन उपलब्ध कराने जैसे कार्य शामिल हैं।

परिया क्षेत्र में पात्र ग्रामीण परिवारों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही क्षेत्र के शिक्षित युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राजमिस्त्री और बांस शिल्पकला का प्रशिक्षण शुरू कराने की पहल करते हुए युवाओं की सूची तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर को अपने बीच पाकर ग्रामीण प्रसन्न हुए। ग्रामीणों ने भी प्रशासन की पहल का स्वागत करते हुए क्षेत्र में पहली बार इस तरह के व्यापक निरीक्षण और संवाद होने पर संतोष व्यक्त किया। दौरे के अंत में कलेक्टर ने गादीरास तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया और तहसील स्तर पर लंबित नामांतरण, बंटवारा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**कलेक्टर-सीईओ को अपने बीच पाकर ग्रामीण हुए खुश**



# नौकरी ही नहीं, बल्कि स्वयं का उद्योग स्थापित करना भी बेहतर विकल्प




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

युवाओं और विद्यार्थियों को स्वरोजगार तथा उद्यमिता के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से महेंद्र कर्मा गर्ल्स कॉलेज, दंतेवाड़ा में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के प्रदर्शन को सुदृढ़ एवं प्रोत्साहित करने की योजना (रैम्प) के अंतर्गत जिला स्तरीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- महेंद्र कर्मा गर्ल्स कॉलेज में उद्यमिता जागरूकता व प्रशिक्षण

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्यमिता के अवसरों से अवगत कराते हुए उन्हें स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में केवल नौकरी ही नहीं, बल्कि स्वयं का उद्योग स्थापित करना भी बेहतर और सम्मानजनक विकल्प है। उन्होंने स्थानीय संसाधनों के उपयोग, नवीन व्यापारिक विचारों तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की सहायता से व्यवसाय शुरू करने के तरीकों की जानकारी दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह संस्था राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करती है और नए उद्यमियों को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण तथा विभिन्न योजनाओं से जोड़ने में सहयोग प्रदान करती है।

साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की भूमिका के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यह विभाग जिले में उद्योग स्थापना के लिए पंजीयन, मार्गदर्शन तथा शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अतिरिक्त खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने वाली योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

# ग्राम व निवासियों की सुरक्षा व सहायता के लिए प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंटा

आम जनता से मित्रता व सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने के उद्देश्य से सीआरपीएफ 219 बटालियन द्वारा समय-समय पर सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया जाता है।

इसी कड़ी में कोंटा रेंज के राजेश पांडे डीआईजी के मार्गदर्शन तथा पार्थ सारथी घोष कमान्डेंट 219 वीं बटा. के निर्देशन में

- साईकिल, मच्छरदानी, बर्तन, सौर लालटेन, साड़ी, कम्बल व लुंगी ग्रामीणों को दिया

219 बटालियन के भेजी कैम्प में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन अनुराग राज, कानाराम चौधरी एवं यश कुमार गौतम की उपस्थिति में ग्रामीणों में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के मुख्य उद्देश्य में केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी विकास एवं लाभकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाते हुए। साथ ही ग्रामीणों एवं प्रशासन के बीच आपसी समन्वय स्थापित करते हुए भेजी कैम्प के आस-पास के गांव से लगभग 250 ग्रामीणों को साईकल, मच्छरदानी, बर्तन, सौर लालटेन, महिलाओं को साड़ी, बुजुर्गो को कम्बल तथा लुंगी, ग्रामीणों को चप्पल, युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने तथा शारीरिक व मानसिक विकास हेतु खेल सामग्री तथा पढ़ाई सामग्री आदि सामानों का वितरण किया गया।

आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम में डॉ. मोहम्मद इब्राहिम वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों जैसे कि लू लगना, निर्जलीकरण, डेंगू, मलेरिया, टाइफइड आदि से बचाव हेतु भरपूर मात्रा में पानी तथा तरल पदार्थों के सेवन के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही बीमार ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार कर दवाईयों का वितरण किया गया। इसके अलावा ग्रामीणों को स्वच्छ जल व अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर यश कुमार गौतम सहा. कमाण्डेंट 219 बटालियन ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सीआरपीएफ सभी ग्राम व निवासियों की सुरक्षा, सम्मान, सहायता एवं सहयोग के लिए प्रतिबद्ध एवं प्रयासरत है। स्थानीय प्रशासन एवं राज्य सरकार नए सुरक्षा कैम्प, जन सुविधा केन्द्र, सड़क, बिजली, पानी आदि उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। जिससे ग्रामीणों का व्यक्तिगत एवं सामाजिक विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि भविष्य में उन्हें किसी भी तरह की परेशानी होने पर सीआरपीएफ हमेशा उनके साथ खड़ी हैं। साथ ही आह्वान किया कि वे नक्सलियों के बहकावे में ना आयें, अपने बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए शिक्षा दिलायें। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें व एकजुट होकर क्षेत्र, देश के अग्रणी विकास में भागीदार बने। प्रोग्राम के अंत में सभी ग्रामीणों को जलपान एवं भोजन कराया गया।




### दिव्यांग विद्यार्थियों के अभिभावकों व शिक्षकों को दी जानकारी

**दंतेवाड़ा।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दिव्यांग विद्यार्थियों के समावेशी शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय एक दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के कस्तूरबा कक्षा में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के दिव्यांग छात्र-छात्राओं के अभिभावकों तथा संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों, प्राचार्यों एवं शिक्षा प्रशासकों को दिव्यांग विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं, सुविधाओं तथा समावेशी शिक्षा की अवधारणा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में बीआरपी, स्पेशल एजुकेटर्स तथा समावेशी शिक्षा से जुड़े शिक्षकों द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान दिव्यांग विद्यार्थियों के समग्र विकास, शैक्षणिक सहयोग तथा शासकीय योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, सहायक संचालक अहिल्या ठाकुर, सहायक परियोजना अधिकारी केशव सिंह सहित कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 500 में सिलेंडर का वादा रहा अधूरा महंगाई से जूझ रही जनता : बैद्यनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घाटलोहंगा



घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस नेताओं ने राज्य और केंद्र सरकार पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। पूर्व जनपद सदस्य बैद्यनाथ मौर्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि चुनाव के समय जनता से किए गए वादे आज तक पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में गरीब परिवारों को सस्ती दर पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का वादा किया था, लेकिन वर्तमान स्थिति इससे बिल्कुल अलग दिखाई दे रही है। मौर्य ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा चुनाव के समय यह दावा किया गया था कि गरीब परिवारों की महिलाओं को मात्र 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा।

इसे मोदी की गारंटी बताते हुए जनता से समर्थन मांगा गया था। लेकिन आज हकीकत यह है कि सिलेंडर की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की रसोई पर सीधा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई के इस दौर में रसोई गैस के दाम आम लोगों के लिए बड़ा बोझ बनते जा रहे हैं। राज्य और केंद्र सरकार को चुनावी वादों को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता से किए गए वादों को केवल चुनाव जीतने के लिए इस्तेमाल किया गया, लेकिन सरकार बनने के बाद उन पर अमल नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में परिवार ऐसे हैं जो बढ़ती कीमतों के कारण गैस सिलेंडर भरवाने में असमर्थ हो रहे हैं। कई जगहों पर लोग फिर से लकड़ी और अन्य पारंपरिक ईंधनों का सहारा लेने को मजबूर हो रहे हैं। पूर्व जनपद सदस्य ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीब महिलाओं को राहत देने के नाम पर बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति अलग है। उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है और रसोई गैस की कीमतों में राहत नहीं मिलने से आम जनता परेशान है। सरकार को चाहिए कि वह तुरंत कदम उठाकर घरेलू गैस सिलेंडर के दाम कम करे, ताकि गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को राहत मिल सके।

मौर्य ने अपने बयान में कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार महंगाई और बढ़ती कीमतों के मुद्दे को उठाती रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी कई बार यह मुद्दा उठा चुके हैं कि महंगाई का सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर पड़ता है। उनके अनुसार लगातार बढ़ती महंगाई के कारण आम परिवारों के लिए रोजमर्रा का खर्च चलाना मुश्किल होता जा रहा है।

# घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग पर सख्ती, जांच में 5 सिलेंडर जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

रसोई गैस की आपूर्ति एवं प्रबंधन की समीक्षा के लिए कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग ने विभिन्न गैस वितरक एजेंसियों इंडेन, एचपीएल और बीपीसीएल के गैस

- गैस के दुरुपयोग को रोकने खाद्य विभाग ने की कार्रवाई

डीलरों की बैठक आयोजित की। बैठक में जिले में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, बॉटलिंग प्लांट से आपूर्ति व्यवस्था, साप्ताहिक आवक तथा वितरण व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में निर्देशित किया गया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। वर्तमान में जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी नहीं है। घरेलू गैस के दुरुपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग की टीम द्वारा बड़े बचेली क्षेत्र के विभिन्न होटल एवं रेस्टोरेंटों की जांच की गई। जांच के दौरान बाबा होटल, राजस्थानी होटल, नरनारायण होटल, आरोग्य अमृततुल्य, आंध्रा होटल, नवाब रेस्टोरेंट, इंडियन कॉफी हाउस, हिलटॉप रेस्टोरेंट और गांगुली किचन रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में आंध्रा होटल से 1 सिलेंडर, नवाब रेस्टोरेंट से 1 सिलेंडर तथा गांगुली किचन से 3 घरेलू एलपीजी सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करते पाए जाने पर 5 सिलेंडर जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की गई। खाद्य विभाग द्वारा जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की दैनिक आवक और वितरण पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। बैठक में गैस वितरकों को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन गैस की आवक और वितरण की लिखित जानकारी संबंधित कार्यालय को उपलब्ध कराएं। साथ ही गैस सिलेंडर की बुकिंग अवधि 25 दिन निर्धारित की गई है तथा केवल ऑनलाइन बुकिंग पर ओटीपी आधारित रिफिल वितरण किया जाएगा।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध एलपीजी भंडारण, जमाखोरी और कालाबाजारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम लोगों से सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से दूर रहने और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करने की अपील की गई है।

# इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के दावे पर सवाल जमीनी हकीकत कुछ और, जूझ रहे किसान

हरिभूमि न्यूज : घाटलोहंगा

इंद्रावती नदी के प्रभावित किसानों की समस्याओं को लेकर क्षेत्र में एक बार फिर आवाज़ तेज होने लगी है। किसानों का कहना है कि एक ओर सरकार विकास और सिंचाई व्यवस्था सुधारने के बड़े-बड़े दावे कर रही है। वहीं दूसरी ओर इंद्रावती नदी पर बने एनीकेटों की जर्जर स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है। इस मुद्दे को लेकर किसानों ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है।



किसानों का कहना है कि हाल ही में इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के रूप में शरद अवस्थी की नियुक्ति हुई और राजधानी में हुई मुलाकात के दौरान यह कहा गया कि इससे इंद्रावती नदी क्षेत्र में कृषि सिंचाई और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सामने भी इस विकास की बात रखी गई। लेकिन किसानों का आरोप है कि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है और आज भी क्षेत्र के किसान सिंचाई और पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। इंद्रावती नदी पर बने कई एनीकेट वर्षों से जर्जर स्थिति में पड़े हैं। बरसात के समय इन एनीकटों में दरारें और टूट-फूट दिखाई देती हैं, जिससे पानी का सही तरीके से भंडारण नहीं हो पाता। इसके कारण किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता और खेती पर सीधा असर पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि कई बार जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग को ज्ञापन देकर एनीकटों की मरम्मत की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। स्थिति यह है कि कई जगहों पर किसान खुद चंदा इकट्ठा कर अस्थायी रूप से एनीकेट को बोरी बांधकर ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि नदी का पानी बचाया जा सके और खेती के लिए उपयोग हो सके।




**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र./क/तह./2025-26
तोकापाल दिनांक, 10/03/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमल पिता भादूराम जाति माड़िया निवासी ग्राम तेलंगाआरापुर तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने माता सोनी कश्यप/भादूराम मृत्यु तिथि 5/7/2024 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत तेलंगाआरापुर के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात् उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 24/03/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 10/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक ..............

मुहर

तहसीलदार
तोकापाल

# पीएम श्री करपावंड में आठवीं के बच्चों को कलेक्टर ने सिखाया गुणा-भाग

## परीक्षा की शुचिता और व्यवस्था का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी 12वीं की बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत 12 मार्च को इतिहास विषय का पेपर संपन्न हुआ। परीक्षा की शुचिता और व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर आकाश छिकारा स्वयं मैदानी स्तर पर उतरे। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विकासखंड बकावंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरगीपाल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र में बैठक व्यवस्था, पेयजल और सुरक्षा मानकों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने केंद्र में तैनात पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए कि शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन हो और परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन की इस सक्रियता से परीक्षा केंद्रों पर अनुशासन और पारदर्शिता का माहौल देखा गया। कलेक्टर एवं दल द्वारा संस्था के अटल टेकरी लैब का अवलोकन किया। पीएम श्री करपावंड संस्था का भी निरीक्षण कर लैब का अवलोकन किया। उन्होंने पीएम श्री कर पवन में कक्षा आठवीं के बच्चों को गणित का पाठ पढ़ाया। लगभग 1 घंटे के अध्यापन कार्य में बच्चों के साथ कलेक्टर पूरी तरह घुल मिल गए। उन्होंने कक्षा तीसरी के बच्चों से कविताएं पूछी गई एवं बच्चों के द्वारा कविता का पाठ किया। बच्चों द्वारा स्पष्ट वचन करने पर उन्होंने बच्चों को चॉकलेट का वितरण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में साक्षरता के प्रति जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। उनके साथ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे, तहसीलदार जागेश्वरी पोयाम और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जागेश्वर कुर्रे तथा शिक्षा विभाग से विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव, खंड स्त्रोत समन्वयक सोन सिंह बघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### उल्लास केंद्र का लिया जायजा

निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर ने खासपारा सौतपुर करपावन्ड में उल्लास केंद्र पहुंच कर जायजा लिया। ग्रामीणों से व शिक्षा विभाग के अधिकारियों विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव और खंड स्त्रोत समन्वयक सोन सिंह बघेल के साथ शासन की महती योजना उल्लास की प्रगति पर चर्चा की। निर्देशित किया कि उल्लास योजना के तहत नव-साक्षरों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य निरंतर जारी रहे।

## खबर संक्षेप

### लखपति दीदी, मजदूरी छोड़ बनीं कार और ट्रैक्टर की मालकिन

जगदलपुर। बस्तर के विकासखंड दरभा अंतर्गत ग्राम लेंड्रा की निवासी राजकुमारी कश्यप की जीवन यात्रा संघर्ष और आत्मविश्वास का एक जीवंत उदाहरण है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व-सहायता समूह से जुड़ने से पहले राजकुमारी का जीवन अनिश्चितताओं से भरा था। उनके पास कोई स्थायी रोजगार नहीं था और वे अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए खेतों में मजदूरी करने या जंगलों से प्राप्त वनोपज एवं अन्य संसाधनों पर निर्भर थीं। उस दौर में वे न केवल गंभीर आर्थिक तंगी से जूझ रही थीं। राजकुमारी के जीवन में बदलाव की शुरुआत बिहान योजना के माध्यम से हुई, जब वे वर्ष 2015 में सूरजमुखी महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। समूह से मिलने वाले प्रशिक्षणों ने न केवल उनके भीतर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा जगाई, बल्कि उन्हें अपनी समस्याओं के खिलाफ मुखर होना भी सिखाया। धीरे-धीरे उनका आत्मविश्वास बढ़ता गया और उन्होंने पशुपालन, चूजा ब्रुडिंग इकाई तथा राशन दुकान के संचालन जैसे विविध व्यवसायों को अपनी आजीविका के रूप में अपनाया। आज वे एक कुशल पशुपालन उद्यमी के रूप में न केवल अपने ब्लॉक, बल्कि अन्य विकासखंडों में भी चूजों की सप्लाई और पशुओं के टीकाकरण का कार्य सफलतापूर्वक कर रही हैं। राजकुमारी दीदी की यह उद्यमशीलता उनके जीवन में एक बड़ी क्रांति लेकर आई है। कभी दूसरों के घर मजदूरी करने वाली राजकुमारी की आय 11 वर्षों के भीतर साढ़े तीन लाख से चार लाख रुपए तक पहुँच गई है, जिससे उनके परिवार का जीवन स्तर पूरी तरह बदल गया है। कभी मिट्टी के घर में रहने वाली राजकुमारी दीदी ने अब अपना पक्का घर बना लिया है और उनके पास खेती के लिए ट्रैक्टर, दो मोटरसाइकिल तथा एक चार पहिया कार भी है।

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से बदली जिंदगी

जगदलपुर। जिले के बकावंड विकासखंड अंतर्गत ग्राम जैबेल की निवासी अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिला शामबती बघेल ने अपनी मेहनत और शासन की योजना का लाभ लेकर आत्मनिर्भरता की प्रेरक मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से मिली आर्थिक सहायता ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शामबती ने बताया कि उनके परिवार में कुल छह सदस्य हैं। परिवार के पास सीमित कृषि भूमि होने के कारण केवल खेती से घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में उन्होंने अपने पति रतन बघेल के सहयोग से गांव में ही एक छोटा सा किराना दुकान शुरू किया, लेकिन कुछ समय बाद पूंजी की कमी के कारण दुकान चलाने में परेशानी आने लगी। इसी दौरान बकावंड में आयोजित जनसमस्या शिविर में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जगदलपुर के अधिकारियों से उन्हें मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के बारे में जानकारी मिली।

## भाजपा महिला मोर्चा का आयोजन, गीत-संगीत व पुरस्कार वितरण से बढ़ा उत्साह

# फूलों की पंखुड़ियों के साथ मनाया होली मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ संगठन की एकजुटता और मातृशक्ति के सम्मान का संदेश



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा होली और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में गरिमामयी होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को फूलों की पंखुड़ियों से अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएं दीं और उत्साहपूर्वक पर्व की खुशियाँ साझा कीं।

समारोह के दौरान गीत-संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पुरस्कार वितरण के माध्यम से आयोजन को विशेष रूप से यादगार बनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्तियों ने आपसी सौहार्द और उत्साह के साथ त्योहार का आनंद लिया। आयोजन का उद्देश्य होली के रंगों के साथ महिला दिवस की खुशियों को साझा करते हुए संगठन की कार्यकर्ताओं के बीच आत्मीयता और एकजुटता को मजबूत करना रहा।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से संगठनात्मक मजबूती के साथ कार्यकर्ताओं के बीच आपसी समन्वय और सहयोग की भावना बढ़ती है। होली का पर्व सामाजिक समरसता, भाईचारे और आनंद का प्रतीक है, वहीं महिला दिवस समाज में महिलाओं की भूमिका और योगदान के सम्मान का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों को भी सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को होली और महिला दिवस की बधाई देते हुए सामाजिक समरसता और संगठनात्मक मजबूती का संदेश दिया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर संजय पांडेय, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडेय, महामंत्री रजनीश पाणिग्राही, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, पश्चिमी नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, पूर्वी नगर मंडल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, राजेंद्र बाजपेयी, निर्मल पाणिग्राही, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष माहेश्वरी ठाकुर, ललिता बघेल, रामकुमारी यादव, सुधा मिश्रा, गोदावरी साहू, पद्मा कश्यप, टिकेश्वरी मंडावी, शांति कश्यप, किरण सेन, पद्मिनी कश्यप,बिजली बैद्य,कुसुम परिहार, डाकेश्वरी पांडेय, गीता नाग, मीना विश्वकर्मा, विभा सिंह, आशा महापात्र, झरना महंती, अलका, चमेली झीराम, शोभा रानी, रेखा सिंह, आशा साहू, पूनम सिन्हा, माधवी मंडल, संगीता तोमर सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# जल जीवन मिशन की योजनाओं को जल्द पूरा करें : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ कलेक्टर ने ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने और नल-जल योजनाओं की मरम्मत के दिए निर्देश

कलेक्टर आकाश छिकारा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट के प्रेरणा सभाकक्ष में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक लेकर जिले में संचालित जल प्रदाय योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा कार्यों की गुणवत्ता और तकनीकी मापदंडों का विशेष ध्यान रखा जाए।

कलेक्टर ने बैठक में जल प्रदाय योजनाओं के अंतर्गत बनाए जा रहे उच्च स्तरीय जलागार (ओवरहेड टैंक) के निर्माण को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे किए जाएं। उन्होंने ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए सुधार योग्य नल-जल योजनाओं की शीघ्र मरम्मत कराने तथा हैंडपंपों के समुचित रखरखाव सुनिश्चित करने कहा। साथ ही सोलर ड्यूल पंपों का नियमित संधारण कर उन्हें सुचारू रूप से संचालित रखने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान स्वीकृत जल प्रदाय योजनाओं की स्थिति, हर घर जल प्रमाणीकरण, उच्च स्तरीय जलागार निर्माण की प्रगति, सोलर ड्यूल पंप स्थापना इत्यादि की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड जगदलपुर एवं क्रेडा के अधिकारी तथा मैदानी कर्मचारी उपस्थित थे।

## राजस्व शिविर का कलेक्टर ने किया अवलोकन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर आकाश छिकारा ने अपने बकावंड विकासखंड के दौरे के दौरान क्षमापुर (छिनारी) में आयोजित राजस्व शिविर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि राजस्व से संबंधित प्रकरणों का निराकरण के लिए ऐसे शिविरों का आयोजन किया जा रहा इसके माध्यम से राजस्व प्रकरणों का तत्काल निराकरण की पहल की जा रही ताकि लोगों को त्वरित राहत मिल सके।

कलेक्टर ने बताया कि शिविर में जमीन से जुड़े विभिन्न प्रकरण जैसे किसान किताब पट्टा वितरण, जमीन का सीमांकन, खसरा अद्यतन, बंटवारा सहित अन्य राजस्व संबंधी मामलों को रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिविर में बी-1 का वाचन कर जानकारी दी जाएगी और यदि किसी रिकॉर्ड में सुधार की आवश्यकता होगी तो मौके पर ही उसे दुरुस्त किया जाएगा। आवेदनों की जांच के दौरान कलेक्टर ने एक ग्रामीण के फौती-नामांतरण के प्रकरण पर एक वर्ष से कार्रवाई नहीं होने पर संबंधित पटवारी को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक में विभिन्न पंचायतों में आगामी राजस्व शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा कोटवारों के माध्यम से शिविर की जानकारी कम से कम एक सप्ताह पहले ग्रामीणों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

# बच्चों की देखरेख व व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ बाल कल्याण समिति ने किया औचक निरीक्षण



किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत बस्तर जिले की पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं का बाल कल्याण समिति,जिला बस्तर द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय बाल गृह (बालक),बालिका गृह,खुला आश्रय गृह (बालक) बस्तर सामाजिक जन विकास समिति तथा सेवा भारती (मातृ छाया) विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी जगदलपुर की व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान समिति ने संस्थाओं में साफ-सफाई, बच्चों को दिए जा रहे पौष्टिक आहार,नियमित पढ़ाई,स्वास्थ्य परीक्षण तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया। समिति ने यह भी देखा कि बच्चों को उपलब्ध सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप मिल रही हैं या नहीं। कर्मचारियों को बच्चों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने तथा उनके समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान बालक-बालिकाओं तथा कर्मचारियों से व्यक्तिगत चर्चा कर संस्थागत व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली गई। पूर्व निरीक्षण में बताई गई कमियों को संस्थाओं द्वारा दूर कर लिया गया है,जिससे व्यवस्थाओं में सुधार दिखाई दिया। समिति ने निरीक्षण के उपरांत संस्थाओं के कार्य को संतोषप्रद पाया और अपेक्षा व्यक्त की कि भविष्य में भी बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण का यही स्तर बनाए रखा जाएगा।

निरीक्षण के दौरान बाल कल्याण समिति, जिला बस्तर के अध्यक्ष नरेन्द्र पाणिग्राही, सदस्य वर्षा श्रीवास्तव, सदस्य धनेश्वरी वर्मा, सदस्य रामकृष्ण ठाकुर सहित संबंधित संस्थाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना में सरचार्ज होगा माफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ पंजीयन पर उपभोक्ता का मोबाइल व बीपी नंबर के साथ लिंक होना जरूरी



मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना में उपभोक्ता स्वयं मोर बिजली ऐप अथवा सीएसपीडीसीएल ऑफिस (प्रकाश ऐप) में संपर्क कर योजना के लिए पंजीयन कर सकते हैं। पंजीयन के बाद पंजीयन राशि का भुगतान मोर बिजली ऐप, एटीपी या सीएसपीडीसीएल काउंटर से कर सकते हैं। बीपीएल उपभोक्ता को पंजीयन राशि की भुगतान करने के आवश्यकता नहीं है। पंजीयन के बाद उपभोक्ता को एसएमएस के माध्यम से पंजीयन राशि की जानकारी एवं आवेदन प्राप्ति की जानकारी भेजी जाएगी। पंजीयन राशि के भुगतान एवं अप्रूवल एई जोन, उपसंभाग के बाद उपभोक्ता को एसएमएस के माध्यम से आवेदन की स्थिति की सूचना भेजी जाएगी। पंजीयन के लिए उपभोक्ता का मोबाइल नंबर बीपी नंबर के साथ लिंक होना जरूरी है। अगर उपभोक्ता द्वारा पंजीयन के लिए मीटर वाचक का सहयोग लिया गया है तो उसकी जानकारी भी पंजीयन के समय दर्ज करनी होगी। इस योजना में बीपीएल, डीएलएफ और कृषि उपभोक्ता सम्मिलित होंगे, जिनका बकाया राशि 31 मार्च 2023 की स्थिति में रहेगा। सरचार्ज की राशि पूर्णत माफ किया जाएगा, लेकिन पंजीयन अनिवार्य है।

### मूल राशि में 5 से 10 फीसदी मिलेगी छूट



विद्युत कंपनी के कार्यपालक निदेशक (राजस्व) एसके ठाकुर ने बताया कि पंजीयन के समय बीपीएल उपभोक्ता से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, वहीं डीएलएफ और कृषि उपभोक्ता से बकाया राशि का 10 फीसदी लिया जाएगा। निष्क्रिय उपभोक्ता के मूल राशि में 50 से 75 फीसदी की राशि में छूट मिलेगी और सक्रिय डीएलएफ और कृषि उपभोक्ता को मूल राशि में 5 से 10 फीसदी तक की छूट मिलेगी।

# 31 मार्च के बाद हटाई जाए सुरक्षा, तभी साबित होगा नक्सलमुक्त प्रदेश : शंकर राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ अमित शाह के दावे पर कांग्रेस नेता ने उठाए सवाल

छत्तीसगढ़ में 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त होने के दावे के बीच कांग्रेस के प्रदेश सचिव शंकर राव ने राज्य और केंद्र सरकार के सामने एक नई मांग रख दी है। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार और राज्य सरकार का यह दावा सच है कि 31 मार्च तक प्रदेश पूरी तरह नक्सलमुक्त हो जाएगा, तो 1 अप्रैल से उन सभी जनप्रतिनिधियों, राजनेताओं, अधिकारियों और ठेकेदारों को दी गई सुरक्षा वापस ले ली जानी चाहिए जिन्हें नक्सल खतरे के आधार पर सुरक्षा मुहैया कराई गई है।

उन्होंने कहा कि सरकार लगातार बड़े पैमाने पर नक्सलियों के आत्मसमर्पण की बात कर रही है और प्रदेश को नक्सलमुक्त घोषित करने की तैयारी कर रही है। ऐसे में यदि यह दावा वास्तविक है तो सुरक्षा व्यवस्था में भी बदलाव दिखाई देना चाहिए। शंकर राव ने कहा कि कई लोग अनावश्यक रूप से सुरक्षा लेकर घूमते हैं और सुरक्षाबलों का प्रभाव दिखाकर स्वयं को बाहुबली के रूप में प्रस्तुत करते हैं, जिससे आदिवासी समाज के बीच गलत संदेश जाता है। सुरक्षा हटने से यह प्रवृत्ति भी समाप्त होगी और जनता को भी सरकार के दावे पर विश्वास होगा। कांग्रेस के प्रदेश सचिव शंकर राव ने इन मांगों को प्रदेश में नक्सलवाद पर चल रही बहस का महत्वपूर्ण मुद्दा बताया।

# क्विज प्रतियोगिता के साथ विश्वविद्यालय में गणितीय उत्सव की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ रामानुजन के जीवन व गणितीय योगदान पर विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं तकनीकी परिषद के सहयोग से शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में गणितीय उत्सव का शुभारंभ क्विज प्रतियोगिता के साथ हुआ। गुरुवार को विश्वविद्यालय के कालीपुर परिसर स्थित डी ब्लॉक में आयोजित इस प्रतियोगिता में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन,उनकी गणितीय खोजों तथा गणित के वास्तविक जीवन में उपयोग विषयों पर प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के लगभग 120 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी गणितीय क्षमता का परिचय दिया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अतिथियों ने विद्यार्थियों को गणित के महत्व से अवगत कराया। वक्ताओं ने कहा कि मानव सभ्यता के प्रारंभिक दौर से ही गणना की पद्धति का उपयोग होता रहा है और आज के वैज्ञानिक तथा तकनीकी युग में गणित की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। दैनिक जीवन,अनुसंधान, तकनीक और प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर गणितीय क्षमता विद्यार्थियों के लिए आवश्यक बन गई है। इसलिए समाज के विकास में गणित के योगदान को समझना और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

आयोजकों ने बताया कि गणितीय उत्सव के तहत विद्यार्थियों को गणित के विभिन्न आयामों से परिचित कराने के लिए कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता,विश्लेषणात्मक सोच और गणित के प्रति रुचि विकसित करना है। विश्वविद्यालय परिसर में होने वाले इन आयोजनों में छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर मणिशंकर मिश्रा,सह प्राध्यापक डॉ समीर ठाकुर,असिस्टेंट प्रोफेसर शिवम सोनवानी,कार्यक्रम संयोजक एवं कंप्यूटर साइंस के सहायक प्राध्यापक राजेश्वर प्रसाद,सह संयोजक खिलेंद्र कुमार,समन्वयकडॉ कृष्ण कुमार वर्मा,रूचि तिवारी,प्रवीण कुमार,संजय कुमार पांडेय,हिमांशी कदम और कृतिका चंद्राकर उपस्थित रहे।

### गणित के व्यावहारिक उपयोग पर रहेगा विशेष फोकस

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा गणित के व्यावहारिक उपयोग,वैज्ञानिक अनुसंधान और भविष्य की तकनीकों में इसकी भूमिका पर भी चर्चा की जाएगी। इससे विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर मिलेगा कि गणित केवल पाठ्यक्रम का विषय नहीं बल्कि आधुनिक जीवन और विकास की आधारशिला है।

### होंगे विशेष आयोजन

छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं तकनीकी परिषद के निर्देशन में विश्वविद्यालय में 12 से 16 मार्च तक गणितीय उत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें क्विज प्रतियोगिता के अलावा गणितीय मॉडल मेकिंग,प्रदर्शनी, न्यूमेरिकल मैथ एबिलिटी टेस्ट,महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के गणितीय योगदान पर व्याख्यान तथा बेहतर कल के लिए गणित की उपयोगिता विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता शामिल हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति जिज्ञासा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना है।

